No. of Printed Pages : 3+3

**बी.एच.डी.ई.-107 / ई.एच.डी.-7**

**बी.एच.डी.ई.-107**

## स्नातक उपाधि कार्यक्रम

04584

## सत्रांत परीक्षा

## दिसम्बर, 2016

## ऐच्छिक पाठ्यक्रम : हिन्दी

## बी.एच.डी.ई.-107 : हिन्दी संरचना

*समय : 3 घण्टे* *अधिकतम अंक : 100*

***नोट :*** *खण्ड क में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर दीजिए । खण्ड ख अनिवार्य है ।*

### खण्ड क

*4×15=60*

1. मिश्र वाक्य की संकल्पना स्पष्ट करते हुए उसके प्रकार भी उदाहरण-सहित विस्तार से बताइए ।

2. मुहावरा और लोकोक्ति में अंतर स्पष्ट करते हुए मुहावरे के प्रमुख अभिलक्षणों पर प्रकाश डालिए ।

3. भाषा क्या है ? इसे समझाते हुए भाषा की संरचनात्मक इकाइयों का उदाहरण सहित विवेचन कीजिए ।

4. स्वर और व्यंजन ध्वनियों में अंतर स्पष्ट करते हुए स्वर ध्वनियों की उच्चारणात्मक विशेषताएँ बताइए ।

5. प्रोक्ति की संकल्पना को स्पष्ट करते हुए उसके प्रमुख अभिलक्षणों को रेखांकित कीजिए ।

6. सामाजिक संस्कारों में भाषा का महत्त्व प्रतिपादित करते हुए रिश्ते-नाते और सामाजिक आचरण की भूमिका को स्पष्ट कीजिए ।

7. पर्यायवाची शब्द और विलोमार्थक शब्द में अंतर बताते हुए उदाहरण-सहित यह भी स्पष्ट कीजिए कि 'विलोमार्थक शब्द' का निर्णय किन आधारों पर किया जाता है ।

8. वर्तनी-सम्बन्धी भूलों के सामान्य कारणों का उदाहरण-सहित विवेचन कीजिए ।

9. भाषा और लिपि का सम्बन्ध स्पष्ट करते हुए देवनागरी लिपि की वैज्ञानिकता पर विचार कीजिए ।

---

## खण्ड ख

**10.** निम्नलिखित में से किन्हीं ***चार*** पर टिप्पणियाँ लिखिए : *4×5=20*

(क) अर्ध तत्सम शब्द

(ख) पारिभाषिक शब्दावली

(ग) क्रिया-पदबंध

(घ) उपसर्ग और प्रत्यय

(ङ) सामाजिक शैली

(च) संज्ञा और विशेषण-उपवाक्यों की संरचना

(छ) अनेकार्थी शब्द

**11.** निम्नलिखित में से किन्हीं ***चार*** पर प्रकाश डालिए : *4×5=20*

(क) वाच्य-संरचना के प्रकार

(ख) सरल वाक्य

(ग) मानकीकरण का तात्पर्य

(घ) प्रेरणार्थक क्रिया

(ङ) संज्ञा-पदबंध

(च) अनुतान और बलाघात

(छ) समस्त पद

---

**ई.एच.डी.-7**

# स्नातक उपाधि कार्यक्रम
# सत्रांत परीक्षा
# दिसम्बर, 2016

## ऐच्छिक पाठ्यक्रम : हिन्दी

## ई.एच.डी.-7 : हिन्दी भाषा की संरचना

*समय : 3 घण्टे* *अधिकतम अंक : 100*

---

***नोट :*** *खण्ड क में से किन्हीं* ***पाँच*** *प्रश्नों के उत्तर दीजिए । खण्ड ख अनिवार्य है ।*

---

### खण्ड क

1. रिश्ते-नाते और सामाजिक आचरण में भाषा की भूमिका को स्पष्ट कीजिए । *15*

2. वर्ण और अक्षर के अंतर को स्पष्ट करते हुए हिन्दी की आक्षरिक संरचना का सोदाहरण परिचय दीजिए । *15*

3. क्रिया-विशेषण उपवाक्य की संरचना स्पष्ट करते हुए इसके प्रकारों पर उदाहरण सहित प्रकाश डालिए । *15*

4. 'सर्वनामों का चयन वक्ता और श्रोता के आपसी संबंधों को व्यक्त करता है' — उदाहरण सहित समझाइए । *15*

5. हिन्दी के सामासिक शब्दों के प्रकार बताइए । 15

6. 'अन्विति' की अवधारणा को स्पष्ट कीजिए । हिन्दी में अन्विति की अवधारणा बताते हुए उसके प्रकार बताइए । 15

7. देवनागरी-लेखन में वर्तनी-संबंधी भूलें सामान्यतः किन कारणों से होती हैं ? समझाइए । 15

8. भाषा और लिपि का सम्बन्ध उदाहरण सहित स्पष्ट कीजिए । 15

9. हिन्दी शब्दों का स्रोतगत वर्गीकरण प्रस्तुत कीजिए । 15

10. लोकोक्ति का अर्थ स्पष्ट करते हुए इसके प्रमुख लक्षणों पर सोदाहरण प्रकाश डालिए । 15

## खण्ड ख

11. उपयुक्त उदाहरण देते हुए निम्नलिखित में से किन्हीं ***पाँच*** पर टिप्पणियाँ लिखिए : *5×5=25*

(क) उपसर्ग

(ख) पारिभाषिक शब्दावली

(ग) विशेषण उपवाक्य

(घ) मुहावरों के अभिलक्षण

(ङ) देवनागरी में अनुस्वार का मानकीकरण

(च) हिन्दी में तत्सम, तद्भव और अर्धतत्सम शब्द

(छ) हिन्दी की साहित्यिक शैलियाँ

(ज) शून्य रूपिम

(झ) लक्षक शब्द और लक्ष्यार्थ

(ञ) विसर्ग संधि

(ट) विराम-चिह्न

---


7,000